रविवार
12 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर



जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास



वर्ष 2, अंक 68 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com


## मलमास मेला 2026 की तैयारी शुरू, राजगीर में सुरक्षा व सुविधाओं को लेकर हुई समीक्षा बैठक



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में राजगीर स्थित आईसीसी सभागार में शनिवार को मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मेला के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बताया गया कि आगामी मलमास मेला 17 मई से 15 जून 2026 तक राजगीर में आयोजित होगा। इस दौरान ब्रह्म कुंड में स्नान के लिए दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसे देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सेवाएं, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य सुविधा, शरण स्थली, शौचालय, चेंजिंग रूम और साफ-सफाई की व्यापक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि मेला अवधि में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस बल, महिला पुलिस और स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी। साथ ही सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से भीड़ पर निगरानी रखी जाएगी तथा असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रहेगी।यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग और पार्किंग स्थलों को चिन्हित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस, मेडिकल कैंप, दवाइयों और चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं खोए हुए लोगों को उनके परिवार से मिलाने के लिए सूचना केंद्र बनाए जाएंगे।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन, ब्रह्म कुंड घाट, बस स्टैंड, झुनकिया बाबा, गढ़ महादेव और अन्य स्थानों पर वाटरप्रूफ यात्री शेड (टेंट सिटी) बनाए जाएंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, जिला वन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी परीक्षा को लेकर अधिकारियों की ब्रीफिंग, 15 केंद्रों पर होगी परीक्षा




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा समाहरणालय स्थित हरदेव भवन में शनिवार को सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर अधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा ने की। इस दौरान संबंधित केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा 14, 15, 17, 18, 20 और 21 अप्रैल 2026 को तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा बिहारशरीफ जिला मुख्यालय के अंतर्गत कुल 15 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी। परीक्षा के स्वच्छ एवं निष्पक्ष संचालन के लिए 30 केंद्र प्रेक्षक सह स्टैटिक दंडाधिकारी, 7 जोनल दंडाधिकारी तथा 3 उड़नदस्ता दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक चलेगी। इस परीक्षा में कुल 9,732 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र ऑब्जर्वर, एक स्टैटिक दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है।

परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश समय भी निर्धारित किया गया है। पहली पाली के लिए सुबह 8 बजे से 9 बजे तक तथा दूसरी पाली के लिए दोपहर 1 बजे से 1:30 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले तक ही प्रवेश की अनुमति होगी, इसके बाद किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। सभी केंद्रों पर सतत वीडियोग्राफी कराई जाएगी और परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा के विशेष कार्य पदाधिकारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## होटल बुकिंग के नाम पर साइबर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा साइबर थाना पुलिस ने होटल बुकिंग के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मानपुर थाना क्षेत्र के पलनी गांव के खंधा इलाके से आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान बलराम कुमार, पिता स्वर्गीय अरविंद यादव, निवासी ग्राम रसलपुर, थाना बिंद, जिला नालंदा के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी व्हाट्सएप के माध्यम से लोगों से संपर्क कर होटलों में कमरा बुकिंग कराने के नाम पर झांसा देता था और भोले-भाले लोगों से ऑनलाइन ठगी करता था।

साइबर पुलिस पोर्टल से प्राप्त संदिग्ध मोबाइल नंबरों के आधार पर नालंदा साइबर थाना की टीम ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी के ठिकाने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के पास से ठगी में प्रयुक्त तीन स्क्रीनटच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस संबंध में नालंदा साइबर थाना कांड संख्या 85/26, दिनांक 4 अप्रैल 2026 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में पु.नि. कुमारी उषा सिन्हा, पु.अ.नि. पवन कुमार, पु.अ.नि. शैलेश कुमार झा, सिपाही विजय कुमार, सिपाही पुनेश कुमार तथा सिपाही रौशन कुमार (नालंदा साइबर थाना एवं जिला आसूचना इकाई टीम) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस मामले में अन्य सहयोगियों की भी तलाश कर रही है।

## अल्ट्राटेक सीमेंट के नाम पर साइबर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

अखिलेंद्र कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा साइबर थाना पुलिस ने अल्ट्राटेक सीमेंट के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बिहार थाना क्षेत्र के मनीराम अखाड़ा मोहल्ला स्थित एक किराये के मकान में छापेमारी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सचिन कुमार, पिता रामधनी पंडित तथा सोनू कुमार, पिता कपिल पंडित, दोनों निवासी ग्राम तेतरावां, थाना मानपुर, जिला नालंदा के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी व्हाट्सएप के माध्यम से लोगों से संपर्क कर होटलों में कमरा बुकिंग कराने और अल्ट्राटेक सीमेंट से जुड़े ऑफर का झांसा देकर भोले-भाले लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे।

साइबर पुलिस पोर्टल से संदिग्ध मोबाइल नंबरों की सूचना मिलने के बाद नालंदा साइबर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच के क्रम में पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी बिहारशरीफ के मनीराम अखाड़ा इलाके में किराये के मकान में रहकर साइबर ठगी का नेटवर्क चला रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से ठगी में प्रयुक्त नौ स्क्रीनटच मोबाइल फोन तथा दो एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। इस संबंध में नालंदा साइबर थाना कांड संख्या 90/26, दिनांक 10 अप्रैल 2026 के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में पु.नि. धर्मेन्द्र कुमार, पु.अ.नि. शैलेश कुमार झा, सिपाही पुनेश कुमार तथा सिपाही रौशन कुमार (नालंदा साइबर थाना व जिला आसूचना इकाई टीम) की अहम भूमिका रही।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN
HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD
COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED
RERA
APPROVED
APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525O432E00
from ₹4251 TO
₹4551/*sq.ft
60%
Free Area
COMFORT, LUXURY
WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# राजगीर जू सफारी के 25 गाइड्स ने नेचर गाइड प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर जू सफारी में कार्यरत गाइड्स के लिए आयोजित 390 घंटे का प्रमाणित प्रकृति गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। इस प्रशिक्षण में जू सफारी के कुल 25 गाइड्स ने भाग लिया और प्रकृति से जुड़े विभिन्न विषयों की गहन जानकारी प्राप्त की।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम "द नेचुरलिस्ट स्कूल" द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को कौशल विकास योजना के मानकों के अनुरूप तैयार किया गया था और इसे पूरी तरह अनुभव आधारित पद्धति से संचालित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वनस्पति एवं वन्यजीवों की पहचान, प्रकृति की व्याख्या करने की कला, रोचक ढंग से कहानी प्रस्तुत करना, समूह का मार्गदर्शन करना तथा प्राथमिक उपचार जैसी उपयोगी जानकारियां दी गईं।


कार्यक्रम का समापन समारोह राजगीर जू सफारी परिसर में आयोजित किया गया, जहां सभी प्रशिक्षित गाइड्स को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जू सफारी के निदेशक रामसुंदर तथा उपनिदेशक अजय कुमार भी उपस्थित रहे।

निदेशक रामसुंदर ने अपने संबोधन में कहा कि राजगीर जू सफारी में हर वर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में गाइड्स की जिम्मेदारी केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि पर्यटकों को प्रकृति से जोड़ना और जंगल के अनुभव को रोचक व यादगार बनाना भी है।

प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें प्रकृति संरक्षण के महत्व को समझने और समाज व पर्यटकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा मिली है।इस कार्यक्रम के सफल संचालन में पाठ्यक्रम निदेशक प्रकृति सुब्रमण्यम सहित संस्थान के प्रशिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्था देशभर में युवाओं को प्रकृति शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है।















Kalope
HOMES
All-in-One Home Solution
Luxury Interior with RealPlast UPVC
Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance
Material Partner: REAL PLAST
RealPlast UPVC is a next-generation interior material
that combines strength, safety, and luxury design.
Modular Kitchen
Cabinets, shutters, drawers
TV Unit & Wall Panels
Modern design, storage
Wardrobes & Closets
Sliding, swing, loft, drawers
Bathroom Vanities
Waterproof & hygienic
+91 74887 06578
www.kalopehomes.com
Patna, Bihar

# इनर व्हील क्लब ने चार्टर डे पर सदर अस्पताल में लगाया रक्तदान शिविर, किया पौधारोपण




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।इनर व्हील क्लब ऑफ बिहारशरीफ की ओर से चार्टर डे के अवसर पर शनिवार को हॉस्पिटल मोड़ स्थित सदर अस्पताल बिहारशरीफ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। शिविर में चिकित्सकों की टीम की निगरानी में सभी आवश्यक स्वास्थ्य जांच के बाद सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब की अध्यक्ष रश्मि रानी ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने लोगों से समय-समय पर रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि इससे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता,बल्कि यह एक महान सेवा है।इस अवसर पर क्लब की ओर से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सदर अस्पताल परिसर में पौधारोपण भी किया गया। सदस्यों ने कहा कि वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलित रहता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित होता है।चार्टर डे के अवसर पर क्लब के सदस्यों ने केक काटकर भी इस दिन को उत्साहपूर्वक मनाया। अध्यक्ष रश्मि रानी ने इनर व्हील क्लब के मिशन और मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए सेवा और समाज कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। इसी मौके पर नए सदस्य के रूप में तन्नू रस्तोगी को लेपल पिन पहनाकर क्लब में स्वागत किया गया।कार्यक्रम में क्लब की सचिव कुमारी रश्मि, पूर्वाध्यक्ष मंजू प्रकाश, सजना जोसेफ, रूबी सिंहा, सुनीता सिंहा, पूनम कुमारी, डॉ. ममता कौशाम्बी, डॉ. रश्मि नारायण, माला सिंहा, नीतू, डॉ. आकृति, सुमन भारती, ऊषा प्रियंदा, किरण कुमारी और तन्नू रस्तोगी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

# डायट शेखपुरा में पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न, प्रतिभागियों को मिला प्रमाण पत्र




शेखपुरा (अपना नालंदा)।जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) शेखपुरा में आयोजित पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लेकर नई शिक्षा नीति, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति तथा कक्षा-कक्ष में प्रभावी मूल्यांकन प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए डायट के प्राचार्य डॉ. सुशांत सौरभ ने कहा कि शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की सशक्त रीढ़ होते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई नई विधियों और तकनीकों को अपने-अपने विद्यालयों में लागू करें, ताकि बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने गतिविधि आधारित शिक्षण, समावेशी शिक्षा और डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। पांच दिनों तक चले इस कार्यक्रम में समूह चर्चा, कार्यशाला, प्रस्तुतीकरण तथा मॉडल कक्षाओं का भी आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्रशिक्षु शिक्षक राकेश बिहारी शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों की भूमिका केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और समाज में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसलिए शिक्षकों को लगातार नवीन शैक्षिक दृष्टिकोण और कौशल से स्वयं को अद्यतन करते रहना चाहिए।


प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षु शिक्षक सर्वश्री जितेंद्र कुमार मेहता, सतीश कुमार, अनुज कुमार, विश्वरंजन कुमार, चंदन कुमार भारती, मनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राम प्रवेश, बब्लू कुमार, कुंदन कुमार, रितेश कुमार, रंजीत कुमार, बद्री कुमार रजक, सनाउल्लाह अंसारी, कमलेश कुमार पांडेय, अवधेश कुमार, पिंकू कुमार, मंटू लाल, कुंदन कुमार, मनोज कुमार, शशांक कुमार, पूजा कुमारी, प्रीति कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रियंका कुमारी, रंजीत कुमार, कुमारी निशा सिंहा, सुषमा कुमारी, नेहा कुमारी तथा अंजनी कुमारी सहित अन्य प्रशिक्षिणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।










# रोटरी क्लब बिहारशरीफ ने सरस्वती शिशु मंदिर में लगाया मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।रोटरी क्लब बिहारशरीफ की ओर से शनिवार को गोरक्षिणी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 8:30 बजे से शुरू हुए इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के छात्रों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।

समाज सेवा और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 400 छात्रों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने छात्रों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श भी दिया।


शिविर के दौरान बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ आंखों और दांतों की विशेष जांच भी की गई। नेत्र विशेषज्ञों ने बच्चों की आंखों की जांच कर दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान की, वहीं दंत चिकित्सकों ने दांतों की स्वच्छता और देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

इसके अलावा डॉक्टरों ने छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। इस अवसर पर एक संक्षिप्त जागरूकता सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को स्वास्थ्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

स्वास्थ्य शिविर में रो० डॉ अजय कुमार (पैथोलॉजिस्ट) प्रोजेक्ट चेयरमैन के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ रो० डॉ अजय कुमार सिन्हा (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ पंकज कुमार (शिशु रोग विशेषज्ञ), रो० डॉ अजय कुमार (नेत्र रोग विशेषज्ञ), रो० डॉ अस्मिता (दंत चिकित्सक) तथा डॉ ललित प्रभाकर (दंत चिकित्सक) ने छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ आशुतोष कुमार और डॉ विजय कुमार ने विद्यालयों में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और समय रहते बीमारियों की पहचान भी हो जाती है।

रोटरी क्लब बिहारशरीफ ने इस सफल आयोजन के लिए सरस्वती शिशु मंदिर प्रशासन, प्रधानाध्यापिका श्रीमती ऋचा कुमारी, कार्यक्रम संचालिका श्रीमती अनीता प्रसाद तथा सभी चिकित्सा स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।












# गंगौरा पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन, विधायक हरिनारायण सिंह ने कहा - अब पंचायत में ही मिलेगा सरकारी सेवाओं का लाभ



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)।चंडी प्रखंड के गंगौरा पंचायत अंतर्गत कचलपुर गांव में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन हरनौत विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरिनारायण सिंह ने फीता काटकर किया। लगभग 2 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से बने इस भवन के उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत गंगौरा पंचायत के मुखिया अनिरुद्ध चौधरी ने अंगवस्त्र, बुके और माला पहनाकर किया।

अपने संबोधन में विधायक हरिनारायण सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की "आपकी सरकार आपके द्वार" योजना के तहत पंचायत स्तर पर ही लोगों को सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। पंचायत सरकार भवन बनने से अब ग्रामीणों को जाति, आय, आवासीय प्रमाणपत्र, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन तथा मृत्यु प्रमाणपत्र जैसे जरूरी कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उन्होंने पंचायत से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मियों को सप्ताह में कम से कम दो दिन पंचायत सरकार भवन में बैठने का निर्देश दिया, ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान यहीं हो सके।विधायक ने पंचायती राज पदाधिकारी उमेश कुमार और मुखिया अनिरुद्ध चौधरी को भवन की चाबी सौंपते हुए कहा कि पंचायत सरकार भवन सिर्फ दिखावे के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा और विकास के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के कारण गांवों में सड़क, पानी और 24 घंटे बिजली जैसी सुविधाएं तेजी से पहुंच रही हैं। के बाद नए मुख्यमंत्री का चेहरा सामने आएगा।मौके पर बीडीओ राजदेव रजक, जदयू जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार उर्फ सुनील कुमार, रामप्रवेश सिंह, मुकेश कुमार, प्रमुख पति नरेश पासवान, उप प्रमुख दयानंद कुमार, लक्ष्मण, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।






## संपादकीय



**जे पी चौधरी**

**पार्ट नंबर 2**

# नीतीश के बिना बिहार सुना

### राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक किरदार की भूमिका तय करने की तैयारी

स्वास्थ्य क्षेत्र में भी कई बदलाव दर्ज किए गए। 2005 के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई और जिला अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार की प्रक्रिया शुरू हुई। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की गई, जिसे स्वास्थ्य सेवाओं तक बढ़ती पहुंच का संकेत माना गया।हालांकि उनकी राजनीति केवल विकास योजनाओं तक सीमित नहीं रही। गठबंधन की राजनीति में बार-बार बदलाव उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पहचान बन गई। वर्ष 2013 में उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से अलग होकर नई राजनीतिक दिशा अपनाई। 2017 में फिर उसी गठबंधन में वापसी की। 2022 में उन्होंने एक बार फिर दिशा बदली और 2024 में पुनः उसी गठबंधन में शामिल हो गए। लगभग 11 वर्षों के भीतर चार बड़े राजनीतिक बदलाव उनके राजनीतिक जीवन की जटिलता को दर्शाते हैं।2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को भी उनके राजनीतिक जीवन का अहम मोड़ माना जा रहा है। राज्य की 243 सीटों वाली विधानसभा में गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला और इसके बाद उन्होंने दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। लेकिन चुनाव के चार-पांच महीने के भीतर ही राज्यसभा की ओर बढ़ने का फैसला यह संकेत देता है कि यह केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है।

राज्यसभा में जाने के साथ ही एक और अहम रिकॉर्ड उनके नाम जुड़ गया है। वे उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था के चारों सदनों विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा की सदस्यता का अनुभव हासिल किया है। भारतीय राजनीति में ऐसे नेताओं की संख्या बहुत कम मानी जाती है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि दिल्ली में उनकी भूमिका क्या होगी। लंबे प्रशासनिक अनुभवके आधार पर यह माना जा रहा है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्माण या गठबंधन प्रबंधन में अहम भूमिका निभा सकते हैं। पिछले 30 से अधिक वर्षों के संसदीय अनुभव और लगभग दो दशकों के मुख्यमंत्री कार्यकाल ने उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित किया है, जो जटिल राजनीतिक समीकरणों को समझने और संतुलित करने में सक्षम माने जाते हैं।दूसरी ओर, बिहार में सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया ने नई राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है। नए मुख्यमंत्री के नाम को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। राज्य में करीब 13 करोड़ की आबादी और 38 जिलों वाले इस बड़े राज्य का नेतृत्व संभालना आसान नहीं माना जाता। नए नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि पिछले वर्षों में शुरू की गई योजनाओं को जारी रखा जाए और साथ ही नई प्राथमिकताओं को भी लागू किया जाए।

बिहार की राजनीति इस समय एक संक्रमण काल से गुजर रही है। पिछले लगभग 20 वर्षों में जो प्रशासनिक ढांचा तैयार हुआ, उसे बनाए रखना और आगे बढ़ाना नई सरकार के लिए सबसे बड़ी परीक्षा होगी। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि क्या नई सरकार विकास की उसी गति को बनाए रख पाती है, जो पिछले वर्षों में देखने को मिली थी। नीतीश कुमार का दिल्ली की ओर बढ़ना उनके राजनीतिक जीवन का एक पूर्ण चक्र भी माना जा रहा है। जिस नेता ने सांसद के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी, वही मुख्यमंत्री पद से हटकर फिर संसद की ओर लौट रहा है। यह बदलाव केवल पद का परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार और राष्ट्रीय राजनीति दोनों के लिए एक नए दौर की शुरुआत का संकेत है। आने वाले महीनों में यह स्पष्ट होगा कि यह फैसला केवल जिम्मेदारी बदलने तक सीमित था या फिर राष्ट्रीय स्तर पर किसी बड़े राजनीतिक किरदार की भूमिका तय करने की तैयारी

## जहानाबाद में मनरेगा कार्यों की समीक्षा, 8.22 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य पूरा करने का निर्देश

अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)।जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति की अध्यक्षता में गांधी नरेगा योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026–27 के अप्रैल माह के विभागीय लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 8,22,914 मानव दिवस सृजन कर कार्य पूरा करना है। उन्होंने सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य हासिल करने के लिए कार्यों में तेजी लाई जाए।बैठक में ई-केवाईसी की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि सक्रिय मजदूरों का ई-केवाईसी प्रतिशत 82.69 तथा सभी मजदूरों का प्रतिशत 59.08 है। इस पर उप विकास आयुक्त ने घोषी और मखदुमपुर प्रखंड के कार्यक्रम पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर प्रगति लाने का निर्देश दिया।

इसके अलावा मनरेगा के तहत जिले में बनाए जा रहे खेल मैदानों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिले में कुल 73 खेल मैदानों में से अब तक 65 का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि शेष 8 मैदानों को शीघ्र और गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही तैयार खेल मैदानों को विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार संबंधित भू-स्वामित्व विभाग को हस्तांतरित करने को कहा गया।

बैठक में युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से योजनाओं की बेहतर प्लानिंग करने तथा एरिया ऑफिसर ऐप के जरिए नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए।

## जहानाबाद में एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था की समीक्षा, अफवाहों से बचने की अपील



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)।जहानाबाद अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। इस बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गैस एजेंसी के प्रतिनिधि तथा सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान जिले में गैस की आपूर्ति की स्थिति, वितरण प्रक्रिया और उपभोक्ताओं को हो रही संभावित समस्याओं पर चर्चा की गई।अनुमंडल पदाधिकारी ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने लोगों से पैनिक बुकिंग से बचने और केवल आवश्यकता के अनुसार ही गैस बुकिंग कराने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या होने पर लोगजिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार निगरानी और छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। अब तक जिले में गैस एजेंसियों और अन्य स्थानों पर कुल 312 औचक निरीक्षण किए जा चुके हैं। वहीं हाल के निरीक्षण अभियान के तहत आज भी 10 स्थानों पर अचानक जांच की गई है।जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06114-223013 पर एलपीजी गैस से संबंधित शिकायतें प्राप्त की जा रही हैं और उनका त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है।

इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी ने विशेष रूप से शादी वाले घरों के लिए अपील करते हुए कहा कि विवाह समारोह से 5 से 7 दिन पहले शादी कार्ड और आगंतुकों की अनुमानित संख्या के साथ कमर्शियल गैस सिलेंडर की आवश्यकता का आकलन कर संबंधित एजेंसी में आवेदन दें, ताकि समय पर गैस उपलब्ध कराई जा सके।

## मसौढ़ी के पभेरा गांव में संत पंकज जी महाराज का सत्संग, शाकाहार और सदाचार का दिया संदेश




मसौढ़ी (अपना नालंदा)।परम संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी संत पंकज जी महाराज की शाकाहार, सदाचार, मद्यनिषेध और आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा इन दिनों बिहार में चल रही है। 67 दिनों की इस यात्रा का शनिवार को 35वां दिन था। इस दौरान मसौढ़ी प्रखंड के पभेरा गांव में उनका भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने बाजे-गाजे, कलश, फूल-मालाओं और पुष्पवर्षा के साथ संत पंकज जी महाराज और उनके अनुयायियों का अभिनंदन किया।

मध्याह्न में आयोजित सत्संग में संत पंकज जी महाराज ने कहा कि सत्संग का उद्देश्य किसी व्यक्ति, धर्म या देवी-देवता की निंदा करना नहीं, बल्कि परमात्मा के प्रति प्रेम और भक्ति की भावना जागृत करना है। उन्होंने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति जीवित अवस्था में ही संभव है। संतों और महापुरुषों ने अपने जीवनमें भक्ति और साधना के माध्यम से ईश्वर का अनुभव किया और यही मार्ग सभी के लिए खुला है।

उन्होंने सरल साधना की तीन प्रमुख क्रियाओं —सुमिरन, ध्यान और भजन—का महत्व बताते हुए कहा कि इन्हीं के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर छिपे दिव्य तत्व को पहचान सकता है। संत पंकज जी महाराज ने लोगों से मांसाहार और नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि इनसे समाज में कई बुरी प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं।

उन्होंने आगामी 17 से 21 मई तक उत्तर प्रदेश के मथुरा स्थित जयगुरुदेव आश्रम में आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारा सत्संग मेला में शामिल होने के लिए लोगों को आमंत्रित किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील कुमार, प्रखंड अध्यक्ष डॉ. बिंदेश्वर, सुजीत कुमार, ललित पासवान, शिव कुमार, प्रतापगढ़ संगत अध्यक्ष सूर्यबली सिंह, वीरेंद्र यादव, रामकुमार और बालकृष्ण शुक्ला सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# महंगी फीस के दौर में जानकी शिशु महाविहार बना सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।इन दिनों नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही निजी विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया जोर पकड़ चुकी है। लेकिन विभिन्न प्रकार के शुल्क वसूले जाने के कारण अभिभावकों में असंतोष और आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। कई निजी विद्यालयों में नामांकन शुल्क, विकास शुल्क, पुस्तक और अन्य मदों के नाम पर अभिभावकों से भारी रकम ली जा रही है। इससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि कई निजी विद्यालय शिक्षा का केंद्र बनने के बजाय धीरे-धीरे धन उगाही का माध्यम बनते जा रहे हैं।

स्थिति यह है कि बेहतर शिक्षा की उम्मीद में अभिभावक मजबूर होकर अपने बच्चों का नामांकन इन विद्यालयों में करवा रहे हैं। लगातार बढ़ती फीस और अलग-अलग शुल्क के कारण निजी विद्यालयों की छवि भी आम लोगों के बीच धूमिल होती जा रही है। कई अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों का भविष्य बनाना होना चाहिए, न कि अभिभावकों पर आर्थिक दबाव बढ़ाना।

इसी बीच जिला मुख्यालय बिहारशरीफ में पिछले लगभग 46 वर्षों से संचालित एक विद्यालय आज भी कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की परंपरा को कायम रखे हुए है। कागजी मोहल्ला (भैंसासुर मोड़ के उत्तर) स्थित जानकी शिशु महाविहार में शिशु वर्ग से लेकर पांचवीं कक्षा तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। यह विद्यालय लंबे समय से क्षेत्र के अभिभावकों के लिए भरोसे का केंद्र बना हुआ है।

इस विद्यालय की स्थापना वर्ष 1980 में इम्पेरियर स्कूल के नाम से समाजसेवी शिव कुमार प्रसाद द्वारा की गई थी। उनका उद्देश्य था कि कम शुल्क में बच्चों को अच्छी और मजबूत आधार वाली शिक्षा दी जाए, ताकि यहां के बच्चे आगे चलकर उच्च पदों पर पहुंचें और अपने क्षेत्र के साथ-साथ विद्यालय का नाम भी रोशन करें। विद्यालय से पढ़े कई छात्र आज विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं और अपने क्षेत्र में पहचान बना चुके हैं।

कुछ तकनीकी कारणों से वर्ष 2010 में विद्यालय का नाम बदलकर जानकी शिशु महाविहार कर दिया गया। वर्तमान में इसके निदेशक अधिवक्ता रणधीर रंजन मंटू हैं, जो संस्थापक के उद्देश्य को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि शिक्षा सेवा का माध्यम है और इसे व्यवसाय नहीं बनाया



जाना चाहिए। इसी सोच के साथ विद्यालय में कम शुल्क में बेहतर शिक्षा देने का प्रयास लगातार जारी है।

विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार, जो पिछले 28 वर्षों से यहां कार्यरत हैं, ने बताया कि यहां रि-नामांकन के नाम पर मात्र 500 रुपये का शुल्क लिया जाता है। विद्यालय में किताबें हर साल बदलने की बाध्यता नहीं है और अभिभावकों को कॉपी, किताब या यूनिफॉर्म विद्यालय से ही खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता, क्योंकि विद्यालय द्वारा स्वयं कोई भी चीज नहीं बेचा जाता है। अभिभावक अपनी सुविधा के अनुसार कहीं से भी ये सामग्री खरीद सकते हैं। विद्यालय की ओर से केवल टाई, बेल्ट, स्कूल डायरी और पहचान पत्र बहुत ही कम शुल्क पर उपलब्ध कराया जाता है।

विद्यालय द्वारा कंप्यूटर की भी शिक्षा दिया जाता है ताकि इस क्षेत्र में भी बच्चों की पकड़ मजबूत हो।

हर सप्ताह बच्चों का जांच परीक्षा लिया जाता है, जिससे पता चलता है कि बच्चों का कितना विकास हुआ और जो क्षेत्र में जो बच्चे कमजोर हैं, उन पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय का अपना भवन है और बच्चों के खेलने के लिए बड़ा मैदान उपलब्ध है। छोटे बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खिलौने तथा झूले लगाए गए हैं, ताकि पढ़ाई के साथ-साथ उनका शारीरिक और मानसिक विकास भी हो सके।

